# केंद्रीय सिविल सेवा में चयनित उम्मीदवारों को सम्मान

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में राजस्थान के मुख्यमंत्री ने **वर्ष 2023 संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा** उत्तीर्ण करने के बाद केंद्रीय सिविल सेवा में चयनित राज्य के उम्मीदवारों को सम्मानित किया।

- उन्होंने जयपुर में एक समारोह में **युवा अधिकारियों को पगड़ी और शॉल पहनाकर** तथा **स्मृति चिह्न देकर उनका स्वागत** किया।

## मुख्य बिंदु:

- मुख्यमंत्री ने युवाओं से आह्वान किया कि वे जिस भी पद पर नियुक्त हों, वहाँ **ईमानदारी और समर्पण** के साथ कार्य करें।
- मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर समारोह में शामिल हुए युवा अधिकारियों ने **महिला सशक्तीकरण**, **शिक्षा प्रणाली** में सुधार, राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने और केंद्र के **स्वच्छ सर्वेक्षण** में राज्य की रैंकिंग में सुधार जैसे मुद्दों पर अपने विचार साझा किये।

## स्वच्छ सर्वेक्षण (SS) 2023

- इसे **वर्ष 2016 में आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय (Ministry of Housing and Urban Affairs- MoHUA)** द्वारा बड़े पैमाने पर नागरिक भागीदारी को प्रोत्साहित करते हुए शहरी स्वच्छता की स्थिति में सुधार करने की दिशा में शहरों को प्रोत्साहित करने हेतु एक प्रतिस्पर्द्धी ढाँचे के रूप में पेश किया गया था।
  - पिछले कुछ वर्षों में, स्वच्छ सर्वेक्षण **विश्व में सबसे बड़े शहरी स्वच्छता सर्वेक्षण के रूप में उभरा है।**
- SS- 2023 में, अपशिष्ट के स्रोत पृथक्करण, अपशिष्ट उत्पादन के अनुरूप शहरों की अपशिष्ट प्रसंस्करण क्षमता में वृद्धि और डंपसाइटों पर जाने वाले अपशिष्ट में कमी को **अतिरिक्त महत्त्व दिया गया** है।
  - **प्लास्टिक की चरणबद्ध कटौती, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रसंस्करण, अपशिष्ट को वंडर पार्कों में तब्दील करने को प्रोत्साहित करने** और शून्य अपशिष्ट घटनाओं की आवश्यकता पर ज़ोर देने के लिये **अतिरिक्त महत्त्व के साथ** संकेतक पेश किये गए हैं।
- SS- 2023 के माध्यम से शहरों के भीतर **वार्डों की रैंकिंग** को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।
- शहरों द्वारा सामना किये जा रहे **'खुले में पेशाब' (पीले धब्बे)** और **'खुले में थूकना' (लाल धब्बे)** के मुद्दों पर समर्पित संकेतकों के आधार पर भी शहरों का मूल्यांकन किया जाएगा।
- MoHUA द्वारा आवासीय और वाणिज्यिक क्षेत्रों की **पिछली/पार्श्व गलियों की सफाई** को बढ़ावा दिया जाएगा

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajasthan-cm-felicitates-candidates-selected-in-central-civil-services